"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 5] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 31 जनवरी, 2003—माघ 11, शक 1924

भाग 3 (1)

विविध

निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 7 दिसम्बर 2002

निविदा क्रमांक 30/त.शा./का.यं./लो. स्वा./2002-2003.—मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर के आधार पर बिलासपुर जिले के लोरमी नगर में पाइप लाइन बिछाने उससे संबंधित सिविल कार्य टेस्टिंग सहित एवं 6 नग पंप गृह निर्माण का कार्य विभागीय टाइप डिजाइन कार्यों हेतु इस विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों समूहवार अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है. विवरण निम्नानुसार है :—

(1) कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (कार्यालयीन अवधि में). — 25-1-2003

(2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि (कार्यालयीन अवधि) — 27-1-2003

(3) मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि — 29-1-2003 (3.00 बजे अपरान्ह)

(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय — 29-1-2003 (3.30 बजे अपरान्ह)

कार्यों का विवरण

समूह क्र.	योजना का नाम	ठेके की अनुमानित लागत (रु. लाख)	धरोहर की राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	लोरमी नगर आवर्धन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने एवं उससे संबंधित सिविल कार्य. (संलग्न शेड्यूल के अनुसार)	9.00	7000/-	750/-	4 माह	'ए '-1 श्रेणी एवं उससे ऊपर.
2.	लोरमी नगर आवर्धन योजना के तहत 6 नग पंप गृहों का निर्माण. (विभागीय टाइप-डिजाइन के अनुसार) (संलग्न शेड्यूल के अनुसार).	1.80	2000/-	300/-	2 माह	'सी' श्रेणी एवं उससे ऊपर.

निविदा की अन्य शर्तें मुख्य निविदा एवं संक्षिप्त निविदा सूचना के अनुसार होगी. निविदा की अन्य जानकारी एवं विस्तृत विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

संशोधन क्रमांक-2

बिलासपुर, दिनांक 9 जनवरी 2003

निविदा क्रमांक 28/त. शा./का. यं./लो. स्वा. यां./2002.— बिलासपुर, दिनांक 5-12-2002. खुलने की तिथि 17-1-2003 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है.

निविदा की संशोधित समय सारणी

1.	निविदा प्रपत्र क्रय के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	27-1-2003 (सायं 5.30 बजे तक)
2.	कोरे निविदा प्रपत्र को जारी करने की तिथि एवं समय	29-1-2003 (सायं 5.30 बजे तक)
3.	मुहरबंद निविदाएं जमा करने की तिथि एवं समय	30-1-2003 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)
4.	निविदा खुलने की तिथि एवं समय	30-1-2003 (अपरान्ह 3.30 बजे)

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी.

बिलासपुर, दिनांक 7 दिसम्बर 2002

निविदा क्रमांक 29/त.शा./का.यं./लो. स्वा./2002-2003.—मुहरबंद एकल समूह एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र 'एफ' में नीचे उल्लेखित नगरीय नल जल प्रदाय योजना के कार्य हेतु टर्न की जाब के आधार पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में दिनांक 28-1-2003 को अपरान्ह 3.00 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, बिलासपुर (छ. ग.) के निर्धारित अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

निविदा के तकनीकी प्रस्ताव नियत तिथि अर्थात् दिनांक 28-1-2003 अपरान्ह 3.30 बजे निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे. निविदा के वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि तथा स्थान की सूचना तकनीकी प्रस्ताव खोलने के बाद दी जावेगी.

कार्य का नाम

निम्नलिखित नगरीय जल प्रदाय योजना के अंतर्गत आर. सी. सी., उच्च स्तरीय जलाशय का डिजाइन, निर्माण, परीक्षण व स्थापित करना (सभी पाइप स्पेशल तथा फिटिंग आदि के प्रदाय तथा स्थापना सहित)

ग्रुप. क्र.	कार्य स्थल का विवरण	ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाखों में)	धरोहर की राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	लोरमी नगर (आवर्धन) जल प्रदाय योजना के तहत टंकी निर्माण क्षमता 500 केएल. ऊंचाई 15 मीटर.	25.00	19000/-	750/-	10 माह	ए 2/एस-2 एवं ऊपर.

शर्तें :—निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन-पत्र दिनांक 25-1-2003 तक (कार्यालयीन अवधि) में प्राप्त किये जावेंगे कोरे निविदा प्रपत्र एवं संबंधित अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय दिनांक 27-1-2003 तक निर्धारित निविदा शुल्क भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा रुपये 50/- अतिरिक्त शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं, लेकिन डाक द्वारा विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

हस्ता./-
कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वा. यां. खण्ड, बिलासपुर (छ. ग.)

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2003.